## समाचार

## बालिका दिवस पर निकाली जन जागृति रैली



**शाहपुरा।** तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा के तत्वावधान में बालिका दिवस के उपलक्ष्य में अनिवार्य शिक्षा के अधिकार हेतु जन जागृति अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं की रैली निकाली गई। इस अवसर पर अपर जिला एंव सेशन न्यायाधीश सुनील कुमार यादव, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीत कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट रजनीश आर्य, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी विष्णु दत्त शर्मा , बार एसोसिएशन के अधिवक्तागण तथा विद्यालय के अध्यापकगण मौजूद थे। न्यायिक अधिकारीगण ने रैली को विद्यालय से रवाना किया जो राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शाहपुरा से शुरू होकर रामद्वारा, मुख्य बाजार होते हुए पुनः विद्यालय तक आई। इसी अवसर पर विद्यालयों में अनिवार्य शिक्षा के अधिकार विषय पर वाद - विवाद, निबन्ध लेखन, पोस्टर-पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

## सरपंच प्रत्याशी का निधन

**शाहपुरा।** कनेक्शन खुर्द सरपंच प्रत्याशी की मृत्यु चुनाव होंगे शाहपुरा पंचायत समिति क्षेत्र के कनेक्शन खुर्द पंचायत में सरपंच प्रत्याशी लादी देवी गुर्जर की शुक्रवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई लाली देवी करीब 75 वर्ष की थी शाम को उनके अचानक तबीयत बिगड़ी शाम 4.30 बजे उनका निधन हो गया यहां सरपंच पद के लिए 7 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था अभी या छह प्रत्याशी है एसडीएम श्वेता चौहान ने बताया कि पंचायत के चुनाव निरस्त नहीं होंगे तीसरे चरण में चुनाव होंगे।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष की पत्नी का निधन

**गुलाबपुरा।** भाजपा मंडल अध्यक्ष पार्षद सांवरनाथ योगी की धर्मपत्नी श्रीमती रसाल देवी का आज प्रातः निधन हो गया । दिवंगत रसाल देवी की अंतिम यात्रा में एसीजेएम शेरसिंह मीणा, पालिकाध्यक्ष धनराज गुर्जर, उपाध्यक्ष प्रदीप रांका, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष महावीर सोनी, पूर्व पालिकाध्यक्ष चेतन पेशवानी, मयूर मिल विधि महाप्रबंधक पवन गुप्ता , रीजनल प्रेस क्लब अध्यक्ष टीकम हेमनानी , जीएल यादव, बलवीर मेवाड़ा, अनुराग कांकरिया, हरीश शर्मा, अशोक कुड़ी, गौतम आंचलिया, रामकिशन वैष्णव, अधिवक्ताओं इत्यादि गणमान्य नागरिको ने शामिल होकर श्रदासुमन अर्पित किए।

## छीतरमल के नेत्रों से दो की दुनिया होगी रोशन

**गुलाबपुरा ।** स्थानीय मोती नगर कॉलोनी निवासी छीतर मल मेवाड़ा का निधन होने पर परिजनों की सहमति से नेत्रदान किया गया।दिवंगत छीतरमल के पुत्रों सुरेश कुमार दिनेश कुमार ने नेत्रदान करवाया। आई बैंक सोसाइटी अजमेर द्वारा नेत्र उत्सर्जित किये गए।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नये मतदाताओं का किया स्वागत



**आसींद।** उपखंड स्तरीय दसवें राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निर्वाचन अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी कैलाश चंद मीणा ने मतदाता दिवस पर नये मतदाताओं का स्वागत कर वोटर आईडी कार्ड प्रदान किया द्य व्याख्याता बालमुकंद वैष्णव ने नए मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई द्य अशोक श्रीमाली छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में आस्था रखने वाले शपथ लेते हैं कि हम देश की स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने की लोकतांत्रिक परम्परा को बरकरार रखेंगे। प्रत्येक चुनाव में धर्म, नस्ल, जाति, समुदाय, भाषा के आधार पर प्रभावित हुए बिना निर्भीक होकर मतदान करेंगे। इस अवसर पर निर्वाचन विभाग से भगवान सिंह, धर्मी चंद ,अंकुर व सुपरवाइजर, बीएलओ मौजूद थे।

## जहर से अधेड़ की व दवा से महिला की बिगड़ी हालत

**भीलवाड़ा।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर दो जनों की हालत बिगड़ गई। सांगानेर के पास जहरीली वस्तु के सेवन से सिंदरी के बालाजी के पास रहने वाले कमलेश पुत्र भंवर कसारा (42) की हालत बिगड़ गई। इसी तरह दांथल ग्राम में घर पर दवा का ज्यादा मात्रा में सेवन कर लेने से फरिदा पत्नी आरीफ मंसूरी (22) की हालत बिगड़ गई। दोनों को उपचार के लिए महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

# मृत्यु हमारे जीवन का कटु सत्य - कमल कृष्ण महाराज

**लोकजीवन न्यूज सर्विस, भीलवाड़ा**

महाराज सन्त रामलाल दास बैरागी के पावन सानिध्य में लक्ष्मीनारायण मन्दिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में सभी भक्तों को तृतीय दिवस की कथा महाराज द्वारा श्रवण कराई गई। आयोजन समिति के प्रवक्ता आचार्य मनीष कुमार गौतम ने बताया कि श्री नवकुंडीय महायज्ञ में आस पास के गावों से भक्तों ने पहुंच कर आहुतियां दी। इस धार्मिक अनुष्ठान में लोगों का जमावड़ा बढ़ता जा रहा है। कथा प्रसंग को प्रारम्भ करते हुए कथा वाचक पूज्य महाराज कमल कृष्ण ने कहा की कथा को हमें एकाग्रचित होकर सुनना चाहिए और जितने विश्वास के साथ हम भगवान की कथा सुनते हैं उतना ही फल हमें अधिक प्राप्त होता है और दुनिया में कोई भी ऐसा कार्य नहीं है जो भगवान की कथा से बड़ा है। जिसने हमें ये मानव जीवन दिया , जिसका दिया हुआ हम खाते हैं उसी की भक्ति के लिए हमारे पास समय नहीं है।

पूज्य महाराज ने कहा कि जब परीक्षित महाराज को पता चला कि सातवें दिन उनकी मृत्यु निश्चित है तो अपना सब कुछ त्याग दिया और शुकदेव से पूछा जिसकी मृत्यु निश्चित हो उसे क्या करना चाहिए और मृत्यु हमारे जीवन का कटु सत्य है। हम इस संसार में खाली हाथ आए थे और खाली हाथ ही जायंगे। यह पता होने के बावजूद भी हम अपना सारा जीवन सांसारिक भोगविलास में गुजार देते हैं और प्रभु ने हमें जिस कार्य के लिए मानव जीवन दिया है उससे हम भटक जाते हैं। शुकदेव जी ने परीक्षित जी महाराज से कहा हे राजन् जिसकी मृत्यु निश्चित हो उसे भागवत कथा श्रवण करनी चाहिए। उसी प्रकार हमें भी सच्चे मन से भागवत कथा श्रवण करनी चाहिए और भगवान की भक्ति करनी चाहिए।

आज पूज्य महाराज श्री ने कपिल देवहुति संवाद भक्तों को श्रवण कराते हुए कहा की महाराजमनु की पुत्री देवहुति का विवाह करदम मुनि के बीसाथ हुआ नौ पुत्रियों के बाद स्वयं भगवान ने कपिल मुनि के रूप में मुनि के यहाँ जन्म लिया। एक बार देवहुति ने कपिल मुनि से पूछा पुत्र मैनें सुना है की तुम साक्षात् भगवान के अवतार हो और मेरा ये सौभाग्य है की तुमने मेरे यहाँ जन्म लिया और मैनें तुम्हें अपना दूध पिलाया। कथा में कपिल जी महाराज ने कहा की माँ आपने सही सुना है। देवहुति बोली पुत्र मुझे कृपा कर बताइए की मानव जीवन का लक्ष्य क्या है। मानव जीवन मिल जाने के बाद जीव को जीवन भर क्या करना चाहिए। किस पर विश्वास करना चाहिए और किस पर विश्वास नहीं करना चाहिए। कपिल महाराज बोले माँ मानव जीवन मिलने के बाद जीव को जीवन पर्यन्त भगवान को मनाने की कोशिश करते रहना चाहिए। क्योंकि मानव जीवन द्वार है परमात्मा मिलन का ,सतकर्म का और मोक्ष प्राप्ति का। जानती हो माँ बच्चा जब माँ के गर्भ में होता है तो मास का एक लोथड़ा होता है धीरे धीरे उस में से अंग बनाना शुरू होता है। इस पर ऊपरी त्वचा नहीं होती और माँ जो भी खाती है वो सीधा बच्चे को जाकर चुभता है और जो बच्चे इस चुभन को नहीं सह पाते उनकी गर्भ में ही मृत्यु हो जाती है। कथा वाचक ने प्रेरक प्रसंग का जिक्र करते हुए कहा कि माँ के गर्भ में बच्चे का स्थान मल- मूत्र के पास होता है। बच्चा इस पीड़ा को सह नहीं पाता वह चिल्लाता है भगवान मुझे बचाओ मुझे यहाँ से बाहर निकालो तब प्रभु कहते हैं की मैं तम्हे यहाँ से बहार निकाल दूँगा लेकिन तुम्हे एक वादा करना होगा की जन्म लेने के बाद तुम्हे अपने धर्म को आगे बढ़ना होगा। धर्म का प्रचार करना होगा। लेकिन बच्चा जन्म लेने के बाद प्रभु से किया हुआ वादा भूल जाता है और संसार की मोहमाया में लिप्त हो जाता है। और फिर मृत्यु के बाद दुबारा उसी कष्ट से होकर गुजरना पड़ता है। अगर हमें इस कष्ट से बचना है , जीवन - मरण के चक्कर से मुक्त होना है और मोक्ष को प्राप्त करना है तो प्रभु से किया हुआ वादा निभाना होगा। सभी भक्तों ने बामन भगवान की सुन्दर झांकी के दर्शन कर अपने आपको धन्य किया।

## एस. स्टीवर्ड मौरिस स्कूल में मनाया विदाई समारोह




**भीलवाड़ा।** स्टीवर्ड मौरिस विद्यालय में कक्षा बारह के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। समारोह में रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामनाएँ प्रदान की गई। कार्यक्रम में मास्टर स्टीवर्ड अमित नानेचा, मिस स्टीवर्ड उमंग रांका एवं डीसेन्ट स्टुडेन्ट सालेहा अंसारी को चुना गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के निदेशक अमित टाक ने कक्षा बारह के विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दी।

## मतदाता दिवस पर आयोजित निबंध स्पर्धा, विद्यार्थियों ने मतदान की शपथ

**लोकजीवन न्यूज सर्विस, शाहपुरा**

राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में श्री प्रताप सिंह बारहठ राजकीय महाविद्यालय में मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाता शिक्षा विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । निबंध प्रतियोगिता में निर्मला यदुवंशी प्रथम, सोनल तिवारी द्वितीय, तथा बजरंग मारू तृतीय स्थान पर रहे । आयोजन मतदाता जागरूकता के लिए किया गया। शनिवार को प्रातः 11 बजे महाविद्यालय में आयोजित शिक्षक- अभिभावक संवाद संगम कार्यक्रम हेतु प्राचार्य डॉ हरमल रेबारी की मौजूदगी में विद्यार्थियों को आज पीले चावल बांटे गए इस अवसर पर संकाय सदस्य प्रोफेसर मधु दरगड रामवतार मीणा शिक्षक अभिभावक संवाद संगम प्रभारी प्रो मूलचंद खटीक तथा डॉक्टर अनिल कुमार श्रोत्रिय ने भी पीले चावल बांटे। शनिवार को मतदाता दिवस पर विद्यार्थियों को शपथ दिलाई जाएगी । महाविद्यालय में गणित एवं एवं व्यवसायिक प्रशासन के रिक्त पदों पर जिला संसाधन सहायता समिति माणिक्य लाल वर्मा राजकीय महाविद्यालय भीलवाड़ा से सह आचार्य डॉ कोठारी एवं सहायक आचार्य डॉ चेतना कुमावत ने छह कार्य दिवस के लिए अध्यापन हेतु महाविद्यालय में कार्य ग्रहण किया इससे विद्यार्थी लाभान्वित हो सकेंगे। निशा माथुर सह आचार्य गणित को भी शाहपुरा कॉलेज में 6 कार्य दिवस के लिए लगाया गया है।

# द सुखवाल किचन का शुभारंभ






**भीलवाड़ा।** शहर के प्रसिद्ध सुखवाल स्वीट्स अब शुद्ध और शाकाहारी भोजन शहरवासियों को उपलब्ध करायेगा। 'द सुखवाल किचन' फैमिली रेस्टोरेंट का भव्य शुभारंभ शनिवार को हरिशेवा धाम के सामने, मिलन टॉकिज रोड पर किया जा रहा है। पूर्णतया पारिवारिक माहौल में घर जैसा भोजन स्वच्छ वातानुकूलित वातावरण में उपलब्ध कराया जाएगा। जिसमें विभिन्न राज्यों की विभिन्न वैराटियां भी तैयारी मिलेगी। बैठने के लिए समुचित के साथ ही विभिन्न प्रकार के बेक्रफास्ट भी उपलब्ध होगे। संचालक मुकेश सुखवाल ने बताया कि शहरवासियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए रेस्टोरेंट में भोजन स्वच्छता के साथ ही हाइजिनिंक होंगे।

BHIMSARIYA

**रंजन पॉलिस्टर्स लिमिटेड**

कॉरपोरेट आइडेंटिटी नंबर (सीआईएन): L24302RJ1990LC005560
पंजीकृत कार्यालय : 11-12TH, की.मी.स्टोन, चित्तौड़गढ़रोड, गुवारड़ी, भीलवाड़ा - 311001(राजस्थान), इंडिया
फ़ोन : 01482-249095, ई-मेल ranjanpoly@gmail.com
वेबसाइट - www.rajanpolysters.com

**सूचना**

सूचना सेबी (सूचियन दायित्व एवं उद्घाटन अपेक्षा) विनिमयन 29 एवं 47 के अनुपालना में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक बुधवार, 05 फरवरी, 2020 को कंपनी के पंजीकृत कार्यालय 11-12TH, किमी. स्टोन, चित्तौड़गढ़, गुवारड़ी, भीलवाड़ा-311001 (राजस्थान) में शाम 4 बजे, 31 दिसम्बर, 2019 को समप्त तिमाही एवं नौ महिनों के वित्तीय परिणामों की अनुशंषा पर विचार अनुमोदन करने हेतु आयोजित की जाएगी। निवशेक कंपनी की वेबसाइट (www.rajanpolysters.com) पर मंडल की बैठक का विवरण देख सकते हैं।

**बोर्ड की आज्ञानुसार**
रंजन पालिस्टर्स लिमिटेड के द्वारा
(चित्रा नराणीवाल) कंपनी सचिव